# भोला भक्तों के साथ में | By Anant Mishra

बम बम बम बम लेहरी
बम बम बम बम लेहरी

भंगिया की मस्ती में
भगतों की बस्ती में
लेकर डमरू हाथ में
भोला नाचे है भक्तों के साथ में
भोला नाचे है भक्तों के साथ में

सबकी जुबां पर एक जयकारा
बम बम बोल रहा जग सारा
गंगा जल की झारी लेकर
काँधे पर कांवर लेकर
चलते दिन और रात में
भोला नाचे है भक्तों के साथ में
भोला नाचे है भक्तों के साथ में

भोला नाचे भोला नाचे डमरू ले हाथ में
भोला नाचे भोला नाचे भक्तों के साथ में

भंगिया की चढ़ गई खुमारी
मस्त मलंग भोले भंडारी
पीकर हाला छोड़ शिवाला
चमके चंदा माथ में
भोला नाचे है भक्तों के साथ में

पूरा महीना हर दिन पावन
दुनिया कहती जिसको सावन
पंकज का मन खुश रहता
हर दिल बस ये ही कहता
बीते हर दिन ठाठ में
भोला नाचे है भक्तों के साथ में

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%ad%e0%a4%be%e0%a4%95%e0%a5%8b%e0%a4%9f%e0%a4%a8-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-by-anant-mishra/